**सजावट** | जहां से गुजरेंगी राष्ट्रपति, वहीं तक सीमित सफाई व्यवस्था

# आरडीवीवी में दिखी सजावट की चमक



**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में 21 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। विश्वविद्यालय परिसर में रंग-रोगन, सड़क मरम्मत, बागवानी और साफ-सफाई का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। लेकिन इन तैयारियों के बीच परिसर की वास्तविक स्थिति को लेकर कई सवाल भी उठने लगे हैं।

जानकारी के अनुसार, जिन मार्गों और भवनों से राष्ट्रपति का आगमन और कार्यक्रम प्रस्तावित है, वहां विशेष रूप से साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। दीवारों पर रंगाई-पुताई, पेड़ों की छंटाई और सड़क किनारे की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, जिससे पूरा क्षेत्र आकर्षक नजर आ रहा है। वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय के अंदरूनी हिस्सों में कई स्थानों पर गंदगी, टूटी सड़कें, झाड़-झंखाड़ और अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। छात्रों और परिसर से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि विश्वविद्यालय में नियमित रूप से साफ-सफाई और रखरखाव किया जाता, तो केवल वीआईपी दौरे के समय दिखावटी तैयारियों की आवश्यकता नहीं पड़ती। उनका कहना है कि जिस परिसर में हजारों छात्र प्रतिदिन आते हैं, वहां मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छता पर लगातार ध्यान दिया जाना चाहिए।

स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च संवैधानिक पद के आगमन से विश्वविद्यालय को गौरव मिल रहा है, लेकिन यह भी आवश्यक है कि तैयारियां केवल कुछ चुनिंदा स्थानों तक सीमित न रहें। पूरे परिसर की बदहाल स्थिति में स्थायी सुधार किया जाए, ताकि विद्यार्थियों और कर्मचारियों को बेहतर वातावरण मिल सके। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या विश्वविद्यालय में यह साफ-सफाई और व्यवस्थाएं केवल वीआईपी दौरे तक ही सीमित रहेंगी या फिर परिसर के बाकी हिस्सों की समस्याओं के समाधान के लिए भी कोई स्थायी योजना बनाई जाएगी। राष्ट्रपति के आगमन से पहले जहां एक ओर उत्साह का माहौल है, वहीं दूसरी ओर विश्वविद्यालय की अंदरूनी अव्यवस्था पर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।



## काम प्रोफेसर का लेकिन वेतन नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक कुमार सिंह की एकलपीठ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज जबलपुर में वर्षों से प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और सिस्टर ट्यूटर के दायित्व निभा रहे फैकल्टी को पदानुरूप वेतन एवं सेवा लाभ नहीं दिए जाने के मामले में राज्य शासन से जवाब तलब किया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान शासन से पूछा कि जब संबंधित फैकल्टी से उच्च पदों के अनुरूप अध्यापन, मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षाओं सहित शैक्षणिक कार्य लिए जा रहे हैं, तो उन्हें उन पदों का वेतनमान और अन्य लाभ क्यों नहीं दिए जा रहे हैं। मामला डॉ. अजीता एस नायर व अन्य बनाम राज्य शासन एवं अन्य से जुड़ा है। अधिवक्ता पंकज दुबे व सोनाली पांडे ने दलील दी कि वर्ष 2011 तथा 2019-20 से उनसे नियमित रूप से प्राध्यापकीय दायित्वों का निर्वहन कराया जा रहा है। लेकिन वेतन नहीं दिया जा रहा है।

# बिलासपुर, तमिलनाडु, रायपुर में काटी थी फरारी

**सिविल इंजीनियर हत्याकांड में पकड़े गए दो आरोपियों ने पूछताछ में उगले राज**

**नवभारत, जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत बड़ा पत्थर नरसिंहनगर में 15 एकड़ कृषि भूमि के विवाद पर 23 अप्रैल की सुबह गोली मारकर की गई सिविल इंजीनियर की हत्या मामले में गिरफ्तार किए गए मुख्य आरोपी और मददगार ने पूछताछ में अहम राज उगले हैं। जिसको लेकर पुलिस आगे की जांच पड़ताल कर रही है। पकड़े गए आरोपियों ने बिलासपुर से लेकर तमिलनाडु, रायपुर में फरारी काटी थी। इसके बाद वे जबलपुर आ गए जिसके बाद पुलिस ने उन्हें धरदबोचा था। विदित हो कि क्लीरेंस एटकिंस 39 वर्ष निवासी बड़कू का बाड़ा रांझी का सिविल इंजीनियर था। 23 अप्रैल की सुबह वे अपने 5 वर्षीय बेटे को स्कूल छोड़कर वापस अपनी मोटर सायकिल से आ रहा था। सुबह 8-30 बजे जैसे ही बड़ा पत्थर नरसिंह नगर में पहुंचा तभी एक मोटर सायकिल पर 2 अज्ञात लोग आये एवं क्लीरेंस एटकिंस की ओर बंदूक तानी और फायर कर दिए थे। बदमाशों ने बेहद करीब से निशाना साधते हुए फायरिंग की थी, जिसके कारण गोली सीधे सिर में जा धंसी थी। मेडिकल में इलाज के दौरान एटकिंस ने दम तोड़ दिया था। मामले में पुलिस ने तेजबल उर्फ अरुण रैकवार निवासी माढ़ोताल एवं मोहित ठाकुर निवासी कैंट को दबोचा था। पूछताछ में यह बात सामने आई थी कि रायपुर के पास लगभग 15 एकड़ कृषि भूमि के भूमि स्वामी अजय खराड़कर से क्लेरेंस एडकिंस व अन्य पार्टनर का एग्रीमेंट था किन्तु भूमि स्वामी अजय खराड़कर द्वारा बाबा नेलसन और अन्य पार्टनर की सहमति से मीनाक्षी विश्वकर्मा निवासी छिंदवाड़ा के नाम से उक्त भूमि की रजिस्ट्री कर दी गयी जिस पर क्लेरेन्स एडकिन्स ने रजिस्ट्री शून्य करने और अन्य जगह बिक्री के लिए स्टे रायपुर न्यायालय में सिविल सूट लगाया था सौदाजी में बाबा नेलसन मध्यस्त था जो चाह रहा था कि क्लेरेन्स एडकिन्स सिविल सूट वापस ले ले, इसी बात पर से बाबा नेलसन और क्लेरेन्स एडकिन्स के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते बाबा नेलसन के कहने पर बाबा नेलसन के बेटे प्रिंस ने अपने दोस्त मोहित ठाकुर, अर्पित कुशवाहा, अरुण रैकवार के साथ मिलकर योजना बनाई थी।

### साजिशकर्ता पिता फरार, बेटा गया जेल

टीआई उमेश कुमार गोल्हानी ने बताया कि प्रकरण की विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि उक्त हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता प्रिंस नेल्सन का पिता बाबा नेल्सन उर्फ विकास नेल्सन है, जिसने अपने पुत्र प्रिंस नेल्सन एवं उसके अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। जांच में प्रिंस नेल्सन के तीन अन्य साथियों की भी संलिप्तता सामने आई है। प्रकरण में आरोपी प्रिंस नेल्सन एवं विकास उर्फ बाबा उर्फ रिंकू नेलसन तथा एक अन्य घटना के बाद से फरार थे। जिनकी गिरफ्तारी पर ईनाम घोषित किया गया था। बुधवार को मुख्य आरोपी प्रिंस नेल्सन और उसके मददगार बालक को गोरखपुर ईसाई कॉलोनी से दबोचा गया। ऑटोमेटिक पिस्टल, दो कारतूस, मोटर सायकिल जब्त की गयी। पूछताछ में यह बात सामने आई कि आरोपियों ने बिलासपुर, तमिलनाडु, रायपुर में फरारी काटी थी। प्रिंस नेल्सन उर्फ आशीष नेल्सन, 25 वर्ष, पिता बाबा नेल्सन को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जबकि विधि-विवादित बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। मामले में मुख्य साजिशकर्ता बाबा उर्फ विकास नेलसन अभी भी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

# बदली यातायात व्यवस्था, मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग

**नवभारत , जबलपुर ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को लेकर शहर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिसर पूरी तरह हाई अलर्ट मोड में नजर आ रहा है।मुख्य प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य वीआईपी मूवमेंट के दौरान परिसर में यातायात को निर्बाध बनाए रखना है। हालांकि इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है, लेकिन इसका असर आम लोगों की




दैनिक आवाजाही पर भी दिखाई दे रहा है। वन-वे व्यवस्था और बैरिकेडिंग के कारण वाहन चालकों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है और कई स्थानों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। नवभारत की टीम द्वारा शुक्रवार को की गई पड़ताल में मौके पर देखा गया कि पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित होने से सड़क किनारे खड़े वाहनों की संख्या कम हुई है और परिसर अधिक खुला व व्यवस्थित दिखाई दे रहा है। सुरक्षा और यातायात के बीच संतुलन बनाने का प्रयास स्पष्ट रूप से नजर आया, जिससे आने वाले दिनों में भी इस व्यवस्था को स्थायी रूप से अपनाने की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रेलवे अलर्ट मोड पर

**जबलपुर।** महामहिम राष्ट्रपतिद्रोपदी मुर्मू के प्रस्तावित जबलपुर आगमन को लेकर जबलपुर रेल मंडल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक रेल के निर्देशन में जबलपुर रेलवे स्टेशन सहित मदन महल, भिटौनी, सिहोरा एवं स्लीमनाबाद रेलवे चौकियों तथा प्रमुख रेलवे परिसरों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए डॉग स्क्वॉड की मदद ली जा रही है। इटारसी और कटनी रेलखंड के आउटर क्षेत्रों सहित संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। रेलवे पुलिस एवं सुरक्षा बलों को किसी भी संदिग्ध गतिविधि से निपटने के लिए अलर्ट मोड पर रखा गया है। थाना प्रभारी रेल जीआरपी संजीवनी राजपूत ने बताया कि रेलवे स्टेशनों और प्लेटफॉर्म पर लगातार जांच की जा रही है। सुरक्षा स्टाफ को हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर उपलब्ध कराए गए हैं। यात्रियों और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उनके रिकॉर्ड की जांच ई-रक्षा ऐप के माध्यम से की जा रही है।

# सेंट एलायसिस हॉस्टल से लापता छात्र का नर्मदा नदी में मिला शव

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गौर चौकी क्षेत्र स्थित जमतरा, नर्मदा नदी में गुरूवार को सेंट एलायसिस बॉयज हॉस्टल से दो दिनों से लापता 21 वर्षीय छात्र का उतराता हुआ मिला है। शव मिलने की खबर से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मूलत: किसलपुरी थाना व जिला डिंडोरी का रहने वाला गुरुतेज बहादुर शाह (21) एकता मार्केट गौर स्थित सेंट एलायसिस बॉयज हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। बीते 17 जून 2026 की शाम करीब 6:30 बजे वह हॉस्टल से बिना बताए कहीं चला गया था। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला, तो उसके छोटे भतीजे चर्चिल तेज बहादुर शाह ने उसी दिन गौर चौकी में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

**हर एंगल पर तफ्तीश शुरू**

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक के चाचा दलबीर सिंह के अनुसार, गुरुतेज की मौत नर्मदा नदी के गहरे पानी में डूबने के कारण हुई है। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर मर्ग दर्ज कर लिया है। छात्र नदी तक कैसे पहुंचा और यह हादसा कैसे हुआ, पुलिस हर बिंदुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।

### पत्थरों के बीच फंसी थी लाश

परिजनों द्वारा छात्र की लगातार तलाश की जा रही थी। गुरूवार को गुरूतेज के चाचा दलबीर सिंह बहादुर ( 45 ) जमतरा क्षेत्र में उसकी खोजबीन कर रहे थे। इसी दौरान अनुपम श्रीवास्तव फार्म हाउस के सामने, नर्मदा नदी के बीच तेज बहाव और पत्थरों के पास उन्हें गुरुतेज का शव दिखाई दिया। नदी में शव होने की सूचना तुरंत गौर चौकी पुलिस को दी गई।

# महिला को सरेराह दी अपहरण बलात्कार व हत्या की धमकी

**नवभारत, जबलपुर।** बेलबाग तिराहा पर एक महिला का रास्ता रोककर सरेआम बदमाश ने अपहरण, बलात्कार और हत्या की धमकी दे डाली । बेलबाग पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बेलबाग तिराहा निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे सुबह करीब 10 बजे अपने घर के बाहर खड़ी थीं। इसी दौरान क्षेत्र का निवासी प्रवीण उर्फ कृष्णा पाण्डेय वहाँ पहुँचा और जबरन उसका का रास्ता रोक लिया। रास्ता रोकने के बाद आरोपी महिला के साथ अभद्रता शुरू कर दी। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी की गुंडागर्दी यहीं नहीं रुकी। उसने खौफनाक धमकी दी। आरोपी ने चिल्लाते हुए कहा, तुम्हारी लड़की को उठवा लेंगे और उसके साथ बलात्कार करेंगे। तुम लोग यहाँ से घर खाली करके भाग जाओ, नहीं तो तेरे पति का मर्डर कर देंगे। आरोपी लगातार महिला को जान से मारने की धमकी दे रहा था। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के अंदर मौजूद उसका पति तुरंत बाहर दौड़कर आया इसके बाद आरोपी भाग निकला । डरी-सहमी पीड़िता अपने पति के साथ बेलबाग थाने पहुँची और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।

## कार ने 3 श्रमिकों को मारी टक्कर

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत कैमोरी में बीती रात तेज रफ्तार कार चालक ने सड़क किनारे खड़े तीन मजदूरों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक खैरी निवासी भीकम ठाकुर कैमोरी में खेत के किनारे झाड़ियां साफ करने के लिए गांव के ही मजदूर रामसेन, सुभाष साहू, जितेन्द्र ठाकुर और राजेन्द्र प्रताप सिंह को अपने साथ काम पर ले गया था खेत में काम निपटाने बाद सभी लोग पाटन जाने वाली बस पकड़ने के लिए कैमोरी पहाड़ी के पास मोड़ पर खड़े होकर इंतजार कर रहे थे तभी कटंगी की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 49 सी 5571 के चालक ने सुभाष साहू, जितेन्द्र ठाकुर और राजेन्द्र प्रताप सिंह को टक्कर मार चोट पहुंचा दी।

# दबंगों ने जेसीबी से ढहाया मकान, कुदवारी में गुंडई, एफआईआर दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत कुदवारी में जमीन पर अवैध कब्जे की नीयत से दबंगों ने एक मकान को जेसीबी से जमींदोज करने कर दिया । दबंगों ने न सिर्फ पीड़ित का आशियाना उजाड़ दिया, बल्कि विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक मतलूब अहमद अंसारी का कुदवारी स्थित खसरा नंबर 116 पर एक टीन का मकान बना हुआ है। पड़ोसी समीम ने मतलूब को फोन कर इस बात की जानकारी दी कि कुछ लड़के जेसीबी मशीन लेकर आए हैं और उनके मकान को पूरी तरह से तोड़ रहे हैं। घर ढहाए जाने की खबर मिलते ही मतलूब आनन-फानन में अपने भाई के साथ दोपहर करीब 1:45 बजे मौके पर पहुंचा। जब पीड़ित मौके पर पहुंचा तो वहां का नजारा देखकर होश उड़ गए। इलाके के ही तीन युवक शिब्बू उर्फ शिवम कनोजिया, संतोष कुशवाहा और रिषभ गोस्वामी जेसीबी मशीन से उनके मकान को ढहा रहे थे। आरोपियों ने मकान को भारी नुकसान पहुँचाते हुए उसमें लगे लोहे के पाइपों को भी कटर से काट दिया था। पीड़ित मतलूब अहमद ने जब आरोपियों को रोका और मना किया, तो तीनों आरोपी उग्र हो गए। मुख्य आरोपी संतोष कुशवाहा ने पीड़ित को सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी देते हुए कहा, आज के बाद इस प्लॉट पर कदम भी मत रखना, नहीं तो तुझे जान से मार डालूंगा। वारदात को अंजाम देने और धमकी देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपी संतोष कुशवाहा पिछले कुछ समय से उनके इस कीमती प्लॉट पर नियत खराब किए हुए था और अवैध कब्जा करना चाहता था। सोची-समझी साजिश और षड्यंत्र के तहत वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने पीड़ित मतलूब अहमद की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# विद्युत गृहों के निर्बाध संचालन के लिए बनाया तकनीकी निगरानी मॉडल

**नवभारत,जबलपुर।** मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी ने अपने ताप एवं जल विद्युत गृहों की वार्षिक रखरखाव एवं पूंजीगत ओवरहॉल गतिविधियों के बाद इकाइयों के अधिक सुरक्षित, दक्ष एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी निगरानी व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि कंपनी का विश्वास है कि मशीनों की तरह कार्य प्रणालियों का भी समय-समय पर मूल्यांकन एवं पुनर्विचार आवश्यक होता है। इससे न सिर्फ बेहतर समाधान उभर कर आते है बल्कि कंपनी भी नवाचार के साथ निरंतर विकसित होकर आगे बढ़ने के लिए तत्पर होती है। उन्होंने कहा कि यह पहल तकनीकी विशेषज्ञता, सहभागिता एवं नवाचार को बढ़ावा देते हुए विद्युत उत्पादन की विश्वसनीयता को नई मजबूती प्रदान करेगी। वर्तमान में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के चार ताप विद्युत गृह अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया द्वारा कुल 4570 मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।

# अमेरिका गए रिटायर्ड शिक्षक के सूने मकान में चोरी

**खिड़की की ग्रिल काटकर चांदी ले गए चोर**

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत आकर्ष एन्क्लेव स्थित रिटायर्ड शिक्षक के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए चांदी के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के वक्त गृहस्वामी अपने परिवार के साथ अमेरिका गए हुए थे।

सूचना मिलने पर लौटे पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जगदानंद पांडेय केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। वह अपने आकर्ष एन्क्लेव स्थित मकान में ताला लगाकर परिवार सहित गाजियाबाद गए थे, जहां उनका छोटा बेटा श्रीनाथ पांडेय नौकरी करता है। गाजियाबाद में कुछ दिन रुकने के बाद पूरा परिवार अमेरिका चला गया था। 19 मई 2026 को अमेरिका से वापस गाजियाबाद लौटने के बाद वे वहीं रुक गए थे। बीते 15 जून को सुबह करीब 11 बजे पीड़ित के पड़ोसी विजय सूर्यवंशी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर काम करने वाली सुमन बाई ने खिड़की की लोहे की ग्रिल टूटी होने की जानकारी दी है। साथ ही घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ दिखाई दे रहा है। पड़ोसी की सूचना मिलते ही जगदानंद पांडेय बेटे और बहू के साथ जबलपुर पहुंचे। पीड़ित ने जब घर पहुंचकर देखा तो नीचे वाले बेडरूम की खिड़की की लोहे की ग्रिल कटी हुई नीचे पड़ी थी।

अंदर जाने पर अलमारी खुली मिली और सारा सामान अस्त-व्यस्त था। पीड़ित के मुताबिक, जाते समय वे अलमारी से चाबी निकालना भूल गए थे, जिससे चोरों का काम और आसान हो गया। चोरों ने अलमारी में रखे चांदी के जेवर सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया, पीड़ित ने जब आस-पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, तो उसमें अज्ञात चोर वारदात को अंजाम देते हुए साफ नजर आ रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## फेसबुक पर निवेश का झांसा देकर एनटीपीसी के रिटायर्ड कर्मी से 3 .20 लाख की ठगी

**नवभारत, जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत छोटी बजरिया में रहने वाले एनटीपीसी से सेवानिवृत्त एक बुजुर्ग साइबर ठग ने जाल में फंसाकर फेसबुक पर निवेश के नाम पर 3 लाख 20 हजार की चपत लगा दी हद तो तब हो गई जब पीड़ित ने अपने मुनाफे की किस्त मांगी, तो ठगों ने उन्हें 2 लाख और न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छोटी बजरिया गढ़ा निवासी अखिलेश दत्त पड़रहा (62) एनटीपीसी से रिटायर्ड हैं। उन्होंने फेसबुक पर एक निवेश संबंधी विज्ञापन देखा था। बेहतर रिटर्न की उम्मीद में उन्होंने विज्ञापन पर क्लिक कर अपनी जानकारी भर दी। इसके तुरंत बाद उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने झांसा दिया कि यदि वे 3,20,000 निवेश करते हैं, तो उन्हें अगले तीन साल तक हर महीने 38,000 की किस्त वापस दी जाएगी। जालसाज के झांसे में आकर पीड़ित अखिलेश दत्त ने भारतीय स्टेट बैंक की गढ़ा शाखा जाकर बताए गए बैंक खाते में 3,20,000 आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। जब वादे के मुताबिक 38,000 की पहली किस्त पीड़ित के खाते में नहीं आई, तो उन्होंने संबंधित मोबाइल नंबर पर संपर्क किया।

# विश्वास और अपनत्व को ह्रदय में संजोकर ले जा रहा हूं : जस्टिस सचदेवा

**ट्रक में सामान नहीं यादें भी साथ जाएंगी, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार के आयोजन में बोले**

**जबलपुर।** न्यायिक जीवन के एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर जब हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से सुप्रीम कोर्ट के लिए विदा हो रहे न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मंच पर पहुंचे, तो यह केवल एक औपचारिक सम्मान समारोह नहीं था, बल्कि बार और बेंच के बीच बने आत्मीय रिश्तों का भावनात्मक उत्सव बन गया। हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह में जस्टिस



सचदेवा ने कहा कि वह जबलपुर से कोई भौतिक उपलब्धि लेकर नहीं जा रहे, बल्कि यहां से मिले स्नेह, विश्वास और अपनत्व को अपने ह्रदय में संजोकर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व जब उनका तबादला जबलपुर हुआ था, तब मन में अनेक जिज्ञासाएं और आशंकाएं थीं, किंतु संस्कारधानी ने उन्हें कोई परेशानी नहीं होने दी। राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक कृष्ण तन्खा ने कहा कि यह दुर्लभ अवसर है जब उन्हें अल्प अवधि में दूसरी बार जस्टिस सचदेवा के सम्मान कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने इसे न्यायपालिका की उस परंपरा का प्रतीक बताया, जिसमें प्रतिभा, परिश्रम और निष्पक्षता को सर्वोच्च सम्मान मिलता है। समारोह के दौरान बार एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव निखिल तिवारी तथा अन्य पदाधिकारियों ने जस्टिस सचदेवा का सम्मान किया।

**अतिक्रमण** | रेलवे स्टेशन और अस्पताल परिसर के बाहर फैले अतिक्रमण से रोज़ बढ़ रही परेशानी

# अतिक्रमण से सड़के हुई सकरी,मरीजों को हो रही परेशानी



**नवभारत, जबलपुर।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में शुमार इंद्रा मार्केट में इन दिनों अतिक्रमणकारियों का बोल बाला है। इस इलाके में स्थित रेलवे स्टेशन और सरकारी अस्पतालो के मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बढ़ते अतिक्रमण ने मरीजों और उनके परिजनों की परेशानी बढ़ा दी है। अस्पताल के बाहर सड़क किनारे लगे ठेले, अस्थायी दुकानें और अव्यवस्थित पार्किंग के कारण प्रवेश मार्ग संकरा हो गया है, जिससे कई बार एम्बुलेंस और अन्य वाहनों को निकलने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान के सामने लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कई बार मरीजों को स्ट्रेचर या व्हीलचेयर से अंदर ले जाने में भी दिक्कत होती है। इसके बावजूद संबंधित विभागों द्वारा स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम दिखाई नहीं दे रहा है।

### कौन लेगा जिम्मेदारी ?

अब सवाल ये भी उठता है कि क्या अस्पताल और रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने अतिक्रमण हटाने को लेकर नियमित कार्रवाई हो रही है? जिस पर नागरिकों का कहना है कि अस्पताल और रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार और आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि मरीजों, उनके परिजनों और एम्बुलेंस को निर्बाध आवागमन मिल सके। लोगों ने नगर निगम और जिला प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर अस्पताल के सामने से अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है। वही सवाल यह भी उठता है कि आपातकालीन स्थिति में आने वाली एम्बुलेंस के लिए रास्ता अवरुद्ध होने की जिम्मेदारी क्या प्रशासन लेगा?

# षड़यंत्र रच खुद को बताया फर्जी बेटा, करोड़ों की जमीन बेचीं

**जबलपुर।** शातिर अपराधियों षड्यंत्र रच ने न सिर्फ जमीन के शासकीय रिकॉर्ड में हेरफेर की, बल्कि निसंतान मृतक का फर्जी बेटा बनकर करोड़ों रुपए की पैतृक जमीन अपने नाम करा ली। मामला तब खुला जब आरोपियों ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे इस जमीन को किसी तीसरे पक्ष को बेच दिया और खरीदार कब्जा लेने पहुंचा। मझौली पुलिस ने मामले मुख्य आरोपी राघवेंद्र उर्फ रग्घू राय समेत उसके परिवार के 6 सदस्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार, ग्राम अमरगढ़ कटनी निवासी चंद्रिका प्रसाद लोधी (55) ने ग्राम मझौली स्थित खसरा नंबर 109, रकबा 0.283 हेक्टेयर भूमि सरकारी रिकॉर्ड में मूल रूप से प्रेमलाल लोधी और सुकरत लोधी के नाम पर दर्ज थी। प्रेमलाल लोधी की कोई औलाद नहीं थी। इसी बात का फायदा उठाकर मुख्य आरोपी राघवेंद्र उर्फ रग्घू राय ने हल्का पटवारी के साथ साठगांठ की। राघवेंद्र ने खुद को मृतक प्रेमलाल का पुत्र घोषित करते हुए फर्जी फौती नामांतरण करा लिया और राजस्व रिकॉर्ड से मूल मालिकों का नाम साफ कर अपने व अपने भाइयों का नाम चढ़वा लिया। पीड़ित परिवार को इस कूटरचना की भनक तक नहीं लगी। सरकारी कागजों में मालिक बनते ही आरोपियों ने बिना समय गंवाए यह पूरी विवादित भूमि जय साहू नामक व्यक्ति को बेच दी। जब जय साहू जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा, तब पीड़ित परिवार के सामने इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ।

### आरोपी राघवेंद्र का आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस जांच में पता चला है कि मुख्य आरोपी राघवेंद्र राय शातिर किस्म का जालसाज है और अदालतों को गुमराह करने में माहिर है। उसके खिलाफ पूर्व में भी सिविल लाइन थाना जबलपुर में जालसाजी का मामला दर्ज है। इतना ही नहीं, आरोपी ने जबलपुर जिला पंजीयक कार्यालय में भी एक फर्जी किरायानामा बनाकर पेश किया था, जिसकी उच्च स्तरीय जांच अभी भी लंबित चल रही है।

## युवती से स्कूटी सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

**नवभारत,जबलपुर।** कैंट थाना अंतर्गत पुल नंबर 2 के पास स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने पैदल जा रही एक युवती के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया और रफूचक्कर हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बेलबाग निवासी शालू मिश्रा सदर स्थित ग्लेमर जोन कॉस्मेटिक शॉप एवं जनरल स्टोर में सेल्स गर्ल का काम करती है। वह रोज की तरह ऑटो से काम पर आ रही थी। सुबह करीब 11:25 बजे वह पुल नंबर 2 के पास उतरी और वहां से पैदल सदर की तरफ अपनी दुकान के लिए रवाना हुई। पुल नंबर 2 से करीब 100 मीटर आगे बढ़ते ही पीछे से एक बिना नंबर की स्कूटी पर दो युवक आए। झपट्टा मारा और मोबाइल छीन लिया।